हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 25 जनवरी 2026

09 एनएसयूआई ने रैली निकाल कर की नारेबाजी...



10 भारत की बेटियां हमेशा दो कुलों की आधारशिला...





## खबर संक्षेप

### गांधी प्रतिमा पर होगा शहर कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजवंदन

**सागर।** हर माह के अंतिम रविवार को होने वाले जिला शहर कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम गांधी प्रतिमा, पुरानी सब्जी मंडी पर संपन्न होगा। इस वर्ष के पहला ध्वजारोहण पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी के करकमलों से संपन्न होगा। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव और प्रदेश महासचिव सेवादल विजय साहू उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने सभी कांग्रेस जनों, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, सेवादल परिवार जन, एन एस यू आई, नगर निगम पार्षद जनों से कार्यक्रम मे सुबह 10.30 बजे गांधी प्रतिमा, पुरानी सब्जी मंडी पर उपस्थित रहने की अपील की है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजन आज

**सागर।** 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने गीत जारी किया । सारिका ने बताया कि वे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता गतिविधियां कर रही हैं । इस वर्ष की थीम मेरा भारत, मेरा वोट तथा टैगलाइन भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में भारतीय नागरिक निर्धारित की गई है।

### जगमोहन सरकार मंदिर स्थापना दिवस मनाया शोभायात्रा आज

**सागर।** श्री गहोई वैश्य समाज द्वारा गहोई दिवस पर दो दिवसीय समारोह के प्रथम दिवस श्री जगमोहन सरकार मंदिर का स्थापना दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बड़ा बाजार मंदिर में श्री जगमोहन लाल जी का अभिषेक, पूजन किया गया।प्रातः कार्यक्रम में मुख्य यजमान अध्यक्ष सुरेन्द्र सुहाने रागनी सुहाने ने अभिषेक पूजन किया। साथ में मंदिर कमेटी अध्यक्ष मनोज डेंगरे, संजीव कठल, आनंद कठल, अनिल चऊदा, वीरेन्द्र सुहाने, ओमप्रकाश रूसिया, संतोष झुडेले, शरद गुप्ता, सचिन सिपोलया, चंदन सुहाने सहित बड़ी संख्या में महिलाएं हवन-पूजन में शामिल हुई। रात्रि में 51 किलो लड्डू का प्रसाद चढ़ा कर महाआरती का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी शरद गुप्ता ने बताया कि 25 जनवरी रविवार को गहोई दिवस पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इष्ट देव सूर्य के पूजन के साथ उत्सव भवन बाईसा मुहाल से सुबह शोभायात्रा शुरू होकर बड़ा बाजार, गौर मूर्ति,कटरा बाजार से गेंडा जी धर्मशाला गुजराती बाजार में संपन्न होगी। समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र सुहाने, मंत्री संजीव कठल, मंदिर कमेटी अध्यक्ष मनोज डेंगरे, महिला मंडल अध्यक्ष रश्मि खरया, ओम प्रकाश रुसिया आदि ने सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में शामिल होकर कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की है।

कलेक्टर संदीप जी.आर. ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

# गर्भवती माताओं, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की करें विशेष निगरानी, ड्यूटी आवर में निजी प्रैक्टिस पर कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने निर्देश दिए कि मातृ मृत्यु दर को शून्य पर लाने के लक्ष्य के साथ निर्देश दिए कि इनकी स्पेशल ट्रैकिंग करते हुए जितनी भी हाई रिस्क गर्भवती महिलाएं चिन्हित की गईं हैं, उनकी सूची बीएमओ के पास अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। ऐसी महिलाओं की एएनएम और आशा कार्यकर्ता विशेष निगरानी करें। किसी भी आपात स्थिति में उन्हें बिना देरी के उच्च स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं का एएनसी समय पर किया जाए, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार सुनिश्चित हो सके। साथ ही उन्होंने किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ड्यूटी आवर के दौरान किसी भी शासकीय चिकित्सक द्वारा निजी प्रैक्टिस करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों एवं स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में आयुष्मान भारत योजना, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों को समय पर, गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक उपकरण, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, साफ-सफाई तथा मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

### हर नागरिक का हो डिजिटल हेल्थ रिकॉर्डः 'आभा' आईडी

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक व्यक्ति की 'आभा आईडी' बनाई जाए। इससे मरीज का पूरा मेडिकल इतिहास (पुरानी बीमारियां, जांच रिपोर्ट, दवाएं) डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा। मरीज को भारी-भरकम फाइलें लेकर घूमने की जरूरत नहीं होगी। वहीं दूसरी ओर डॉक्टर को इलाज करने में आसानी होगी। इससे स्क्रीनिंग में भी मदद मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी को भी निर्देशित किया कि वे हर बच्चे की आभा आईडी बनना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ममता तिमोरे, सिविल सर्जन डॉक्टर आरएस जयंत सहित स्वास्थ्य विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न

**सागर।** गणतंत्र दिवस पर पुलिस ग्राउंड में आयोजित किये जाने वाले जिले के मुख्य समारोह की तैयारियां अंतिम दौर में है। आज शनिवार की सुबह समारोह में प्रस्तुत की जाने वाली परेड की अंतिम और फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न हुई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाते हुये मुख्य समारोह की तरह अंतिम रिहर्सल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव ऊईके मौजूद थे। परेड में आईपीएस दीपांशु ने मार्च पास्ट का नेतृत्व किया स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल भी की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव, एसडीएम अमन मिश्रा सहित प्रशासन एवं पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर मौजूद थे। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के जिला मुख्यालय स्थित पुलिस ग्राउंड में सुबह 9 बजे आयोजित जिले के मुख्य समारोह में उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेगे और परेड की सलामी लेंगे।

## लोकतंत्र और समावेशन के साथ हो शिक्षक हितों की रक्षा : प्रो. लोबियल

**सागर।** लोकतांत्रिक शिक्षक संघ द्वारा व्याख्यान सह परिचर्चा का आयोजन विश्वविद्यालय के अतिथि गृह के समिति कक्ष में किया। जवाहरलाल नेहरू विवि शिक्षक संघ और केंद्रीय विवि परिसंघ के पूर्व अध्यक्ष प्रो डी.के. लोबियल, वरिष्ठ प्रोफेसर, कंप्यूटर विज्ञान विभाग, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षक संगठनः नीति, रीति और संदर्भ विषय पर दिया गया। प्रो. लोबियल ने उद्बोधन में वर्तमान समय में विश्वविद्यालयों में उभरती चुनौतियों और उनके समाधान के लिए शिक्षक संगठनों की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक यूनियन अंतर्गत कई वैचारिक संघ कार्य कर सकते हैं। अलग अलग विचारधारा के समर्थक शिक्षक संगठन शिक्षकों के साझा हितों के लिए कार्य करते हैं। प्रशासन और शिक्षक मिलकर ही विश्वविद्यालयों का विकास कर सकते हैं। प्रो. लोबियल ने इस धारणा को गलत बताया कि शिक्षक संगठन का निर्माण प्रशासन के विरुद्ध कार्य करना है।



## शासकीय प्राथमिक शाला रिछा में मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस

**सागर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला रिछा में बालिकाओं के सम्मान में कार्यक्रम रखा। हमारे विद्यालय में प्रतिवर्ष बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को तिलक माला पहनाकर उपहार देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक विजय सिंह गोंड शिक्षिका कुमारी रूपाली तिलेश्वर ने उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों को बालिकाओं के अधिकार की रक्षा करना बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना बालिकाओं के स्वास्थ्य और पोषण को ध्यान रखना बालिकाओं के प्रति समाज में व्याप्त भेदभाव को दूर करना इत्यादि के बारे में कई प्रकार के उदाहरण देकर बताया। जैसे सुनीता विलियम्स, कल्पना चावला, सानिया नेहवाल, पीवी सिंधु जैसी बेटियों के जीवन में संघर्ष और उच्च स्थान प्राप्त करने तक का सफर बच्चों को बताया। शिक्षको ने बताया भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा स्वास्थ्य सम्मान के प्रति जागरूक करना उन्हें सशक्त बनाना यह दिन कन्या भ्रूण हत्या को रोकने और बेटियों को समाज में अधिकार दिलाने की याद दिलाता है और बेटियों को समाज में समान अवसर प्रदान करने के लिए मनाया जाता है। आज बालिका दिवस के अवसर पर हमारे विद्यालय में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम आने वाले बेटियों को उनके माता-पिता सहित सम्मानित किया गया कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## सुभाष नगर- तुलसी नगर में 10 लाख से बने शिव-पार्वती सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सुभाष नगर एवं तुलसी नगर वार्ड में लगभग 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित शिव–पार्वती सामुदायिक भवन का लोकार्पण सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि इस सामुदायिक भवन की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी, जिसे विधायक जैन के प्रयासों से स्वीकृति प्राप्त हुई। इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि सुभाष नगर एवं तुलसी नगर वार्ड उनके अपने वार्ड हैं, जो लंबे समय तक विकास से अछूते रहे। पिछले 10–15 वर्षों को छोड़ दिया जाए तो इससे पहले यहां विकास कार्य लगभग नगण्य थे। उन्होंने कहा कि अब यह दोनों वार्ड निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और यहां निवास करने वाले अहिर वार समाज एवं अन्य समाज के नागरिकों की सुविधाओं का विस्तार करना उनकी प्राथमिकता है।

## सांदीपनि विद्यालय में पीतांबरी आभा के बीच गूंजी सरस्वती वंदना

**रहली।** विद्या और कला की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती का प्राकट्य उत्सव सांदीपनि विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य दिलीप चौबे और स्टाफ द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व पूजन से हुआ।नन्हे मुन्ने बच्चों ने सरस्वती वंदना और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांध दिया। विशेष आकर्षणों में शामिल रहे। प्रशांत नामदेवः गीता के छठवें श्लोक की मधुर प्रस्तुति दी। शुभि चौरसियाः नन्ही छात्रा ने माँ सरस्वती का जीवंत रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। शिक्षक नीरज नेमा ने अज्ञानता दूर करने में विद्या के महत्व को बताया, वहीं गोविंद सिंह और उमेश वैद्य ने बसंत को प्रकृति की सकारात्मक ऊर्जा और श्रीकृष्ण का स्वरूप बताया। प्राचार्य दिलीप चौबे ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अनुशासन के बिना जीवन बिना डोर की पतंग जैसा है। कार्यक्रम का सफल संचालन अंजना चौरसिया ने और आभार प्रदर्शन देवेंद्र कतरोलिया ने किया। इस अवसर पर संजय खरे सहित समस्त विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्रबंधन व ई कॉमर्स में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका एवं महत्त्व पर कॉन्फ्रेंस संपन्न

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानवीय अनुभूति और संवेदना का विकल्प नहीं बन सकती: कुलपति प्रो.वाय एस ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के व्यवसाय प्रबंधन विभाग द्वारा 23 एवं 24 जनवरी 2026 को प्रबंधन और ई कॉमर्स में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका एवं महत्व विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन अभिमंच सभागार में संपन्न हुआ। इस आयोजन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बदलते स्वरूप तथा प्रबंधन एवं ई कॉमर्स क्षेत्र में उसके बढ़ते प्रभाव पर सार्थक विमर्श किया गया । कांफ्रेंस के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाई. एस. ठाकुर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कभी भी मानवीय स्पर्श और अनुभूति का विकल्प नहीं हो सकती। यह मनुष्यता के विकास में सहायक भर हो सकती है। एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर से पधारे मुख्य वक्ता डॉ. राजेश कोठारी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में रिलायंस कारपोरेट इंडस्ट्री से उपस्थित राकेश मनोचा ने उद्योग जगत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उपयोगिता एवं चुनौतियों पर अपने अनुभव साझा किए। इसके बाद दो दिनों में कांफ्रेंस के दो तकनीकी सत्र और समापन सत्र आयोजित किए गए। उद्घाटन सत्र में डॉ. बबीता यादव ने तथा समापन सत्र में डॉ. पी बकुला कुमारी ने आभार ज्ञापन दिया। कांफ्रेंस के प्रथम तकनीकी सत्र में शोध पत्र प्रस्तुति पुरस्कार मिस आयुषी साहू को तथा द्वितीय तकनीकी सत्र में यह पुरस्कार संयुक्त रूप से सुभाष गुप्ता एवं तनुल जैन को प्रदान किया गया। इस आयोजन में कुल 55 पंजीकरण हुए थे। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सुनीत वालिया थीं। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय की कुलानुशासक प्रो. चंदा बैन, प्रो. डी. के. नेमा, प्रो. उत्सव आनंद, डॉ. रूपाली सैनी, डॉ. वीरेंद्र मटसेनिया, डॉ . हिमांशु, डॉ. पुष्पा सूर्यवंशी, डॉ. भावना, डॉ. पी बकुला कुमारी, डॉ. बबीता यादव, डॉ. लोकेश एवं छात्र उपस्थित रहे।



### मनरेगा योजना कार्य में फर्जी मस्टररोल चलाने का लगा आरोप

# जमीन पर चलती दिखी जेसीबी लेकिन कागजों में दिखाया इंसान

**हरिभूमि न्यूज, टीकमगढ़।** जतारा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मालपीथा में मनरेगा योजना कार्य में पर्दे पर कुछ और दिखा लेकिन पर्दे के पीछे कुछ और। जिससे नाराज होकर पंचायतवासियों ने पंचायत के सरपंच, रोजगार सहायक पर सरकारी योजना में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है। क्योंकि जमीन पर तो जेसीबी से काम कराया गया जिसके वीडियो भी वायरल हुए लेकिन इसके बावजूद कागजों में फर्जी मस्टररोल चलाकर मजदूरों के नाम पर राशि निकालकर हड़पने का खेल खेला जा रहा है। उक्त संबंध में ज़ब पंचायत के रोजगार सहायक से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल बंद बता रहा था। वहीं दूसरी ओर जतारा जनपद सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने जांच कर कड़ी कार्यवाही करने की बात कही है।





### भिटारा तालाब बना भ्रष्टाचार का साक्षात प्रमाण

ग्राम पंचायत मालपीथा में मनरेगा योजना से भिटारा तालाब का निर्माण किया जा रहा है जो भ्रष्टाचार का जीता जागता प्रमाण बन चुका है। जनपद जतारा के गोर सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत मालपीथा में मनरेगा योजना के तहत चल रहे भिटारा तालाब जीर्णोद्धार कार्य में ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब का निर्माण कार्य तो जेसीबी मशीनों से कराया गया, जबकि कागजों में मजदूरों के नाम पर फर्जी मस्टर रोल चलाए जा रहे हैं। जिनके नाम पर शासकीय राशि निकालकर हड़पने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### जमीन पर मशीन और कागजों में इंसान

ग्राम मालपीथा के ग्रामीणों के कहे अनुसार, तालाब की खुदाई व जीर्णोद्धार के कार्य में कहीं भी मनरेगा मजदूरों को किसी ने भी काम करते नहीं देखा। जबकि अगर मजदूर कार्य करते तो उसके प्रमाण भी सामने दिखाई देते। साथ ही जेसीबी मशीन चलने के वीडियो भी वायरल हुए हैं लेकिन इसके बावजूद विभागीय रिकॉर्ड में बड़ी संख्या में मजदूरों की हाजिरी दर्ज कर भुगतान दर्शाया गया है। जो भुगतान भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने की आशंका से परिपूर्ण है।

### पूर्व से बना बेस्ट वियर सही हालत में, फिर नया एस्टीमेट

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि भिटारा तालाब का बेस्ट वियर पूर्व में बनाया गया था जो सही हालत में मौजूद है, इसके बावजूद भी सब इंजीनियर द्वारा कथित रूप से फर्जी तरीके से जीर्णोद्धार के एस्टीमेट में नई राशि जोड़ी गई, जिसमें नए बेस्ट वियर निर्माण का उल्लेख किया गया है। उक्त कार्यप्रणाली भी संदेह के घेरे मे है। क्योंकि जो चीज सही स्थिति मे पूर्व से ही मौजूद है, उसे पुनः बनाने के लिए शासकीय राशि का दुरूपयोग क्यों किया जा रहा। इससे शासकीय राशि का बंदरबांट करने की आशंका बन रही है।

#### ग्रामीणों ने की जांच की मांग

ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे मामले में सरपंच और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है। जमीन पर काम कम और कागजों में ज्यादा दिखाया गया। ग्रामीणों ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, जिला पंचायत सीईओ और जनपद सीईओ जतारा से मांग करते हुए कहा कि उक्त निर्माण कार्य मे जारी किये गये मस्टर रोल की निष्पक्ष जांच हो, साथ ही जेसीबी मशीनों के उपयोग की भी जांच कराई जाए। फर्जी एस्टीमेट तैयार करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाये। और दोषियों से उक्त सरकारी राशि की वसूली की जाए। अगर समय रहते जांच नहीं हुई, तो ग्रामीणों ने जन आंदोलन और शिकायत की चेतावनी भी दी है।


#### इनका कहना है

ग्राम मालपीथा में किए गए उक्त निर्माण कार्य संबंधी जांच की जाएगी। और अगर लगाए गए आरोप सही पाए गए तो निसंदेह दोषियों पर कड़ी कार्यवाही भी होगी।
**सिद्धगोपाल वर्मा, सीईओ जनपद जतारा**

# पलेरा के रजपुरा में कट्टा लहराते युवक का वीडियो वायरल होने के बाद भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

देशभक्ति जनसेवा का स्लोगन पुलिस कार्य में उदासीनता व लापरवाही के दबाव में शायद कहीं खो गया है। और ऐसा खोया है कि अब क्षेत्र में युवा खुलेआम कट्टा लहराते हुए वीडियो में वायरल हो रहे हैं लेकिन इसके बावजूद भी पुलिस कार्यवाही नहीं हो रही। जिससे क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब उन्हें न तो कानून का खौफ है और न ही खाकी का डर। ताजा मामला पलेरा थाना क्षेत्र के ग्राम रजपुरा से सामने आया है, जहाँ कुलदीप सिंह नाम के युवक का अवैध देशी कट्टा के साथ वीडियो पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवक कुलदीप सिंह देशी कट्टा लेकर किस तरह बेखौफ अंदाज में रील वीडियो बना रहा है। उक्त रील वीडियो को सोशल मीडिया पर डालकर न केवल कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, बल्कि इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश भी की जा रही है। लेकिन पुलिस कार्यवाही अब तक नहीं हुई। अब सवाल यह उठता है कि इन असामाजिक तत्वों के पास ये अवैध हथियार कहां से आ रहे हैं। क्या इन्हें पुलिस की कार्रवाई का रत्ती भर भी भय नहीं है?

#### सोशल मीडिया बना दबंगई प्रदर्शन का अड्डा

आजकल युवाओं में हथियारों के साथ रील और वीडियो बनाकर खुद को 'डॉन' साबित करने की होड़ मची है। रजपुरा का यह वीडियो भी इसी मानसिकता का प्रमाण है। सरेआम अवैध हथियार के साथ सीधे तौर पर आम जनता को डराने और शांति व्यवस्था को भंग करने का प्रयास है। सोशल मीडिया को तो दबँगई प्रदर्शन का अड्डा बना लिया गया है। क्षेत्र की जनता अब पलेरा पुलिस से सख्त कार्रवाई की उम्मीद कर रही है। ऐसे तत्वों पर नकेल कसना बेहद जरूरी है ताकि भविष्य में कोई और युवक इस तरह की हिमाकत न कर सके। देखना होगा कि वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस इस 'सोशल मीडिया के इस दबंगई प्रदर्शन करने बाले' को कब तक सलाखों के पीछे भेजती है।

#### इनका कहना है...

मुझे उक्त मामले की जानकारी नहीं है। मैं अभी संबंधित थाना प्रभारी से जानकारी लेकर कार्यवाही करवाता हूं।
**अभिषेक गौतम, एसडीओपी जतारा**

# सड़क हादसे में भाजपा जिला महामंत्री घायल, पैर में फ्रैक्चर, हालत गंभीर होने पर झांसी रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शुक्रवार रात टीकमगढ़-बल्देवगढ़ मार्ग पर दरियाव नगर के पास हुए एक सड़क हादसे में भाजपा के जिला महामंत्री पूरन लोधी एवं उनके भतीजे मानसिंह लोधी घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब सामने से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में शामिल कार खाद्य निरीक्षक विभाग की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में पूरन लोधी के पैर में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि बाइक पर उनके साथ सवार भतीजे मानसिंह लोधी को भी पैर में चोटें आई हैं। दुर्घटना के बाद दोनों घायलों को देर रात जिला अस्पताल टीकमगढ़ लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पूरन लोधी की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें झांसी रेफर कर दिया गया।



घायल पूरन लोधी ने बताया कि वे शुक्रवार को किसी निजी कार्य से टीकमगढ़ आए थे और रात में अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान दरियाव नगर के पास सामने से तेज गति में आ रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि कार में खाद्य निरीक्षक सपना सेन मौजूद थीं और वाहन उनका चालक चला रहा था। घटना की जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत द्वारा पुलिस को दी गई।
बल्देवगढ़ थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने बताया कि सूचना मिलते ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल पूरन लोधी का उपचार झांसी में चल रहा है, उनके बयान दर्ज होने के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### अमर शहीद नारायण दास खरे स्मृति में मेला व टूर्नामेंट का समापन

# बड़ा मलहरा एसबीआई टीम बनी विजेता, कारी नगर परिषद को हराया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

नगर के समीप नरोसा नाला स्थित अमर शहीद नारायण दास खरे स्मृति के स्थल पर चार दिवसीय मेला लगाया जाता है। क्रिकेट टूर्नामेंट का आखरी दिन में फाइनल मुकाबले में बड़ा मलहरा एसबीआई और कारी नगर परिषद के द्वारा खेला गया। पहली पारी में टास जीतकर कारी टीम ने बेटिंग करने का फेसला लिया। 16 ओवर में 129 रनों का लक्ष्य बड़ा मल्हारा एसबीआई को दिया, दूसरी पारी में बड़ा मलहरा एसबीआई टीम ने 15 ओवर में 130 रन बनाकर कर लक्ष्य हासिल कर जीत हासिल की, फाइनल मुकाबले में बड़ा मल्हारा ने कप अपने नाम किया, फाइनल विजेता बड़ा मलहरा मैं आफ द मैच सीरीज प्रथम राजा, दिव्यांग राज़ सेकिड मैंन आप था मैच विजेता बने।

मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला के द्वारा विजेता उप विजेता के लिए सील्ड वितरण किए गए, रवि किरण त्रिपाठी,से सूर्य प्रकाश दददी जी राजेन्द्र खरें पुष्पेंद्र यादव रघुवीर यादव रवि नामदेव नारायण सिंह सहित मेला कमेटी के सेकंडों कार्यकर्ता मोजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कुंडेश्वर मंदिर में बैठक आयोजित कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिवधाम कुंडेश्वर में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर शनिवार को कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने बैठक ली। बैठक में मंदिर की व्यवस्थाओं को सुधारने के साथ-साथ पिछले कुछ समय से मंदिर ट्रस्ट के भीतर चल रहे विवादों को सुलझाने पर जोर दिया। इस दौरान विधायक, पूर्व विधायक और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। उक्त बैठक में कलेक्टर ने आपसी विवाद छोड़ मंदिर के विकास पर ध्यान देने की बात कही है।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि महाशिवरात्रि पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे में मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों के बीच आपसी खींचतान मंदिर की छवि खराब करती है और विकास कार्यों में बाधा डालती है। उन्होंने सभी सदस्यों को निर्देश दिए कि वे अपने मतभेदों को भुलाकर मिलकर काम करें ताकि भक्तों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। बता दें कि यह बैठक इसलिए भी अहम थी, क्योंकि 9 जनवरी को ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारियों ने कलेक्टर और एसडीएम से मिलकर अध्यक्ष और सचिव पर मनमानी के आरोप लगाए थे। कोषाध्यक्ष संतोष तिवारी का कहना था कि नियमों के मुताबिक महाशिवरात्रि से पहले साधारण सभा बुलाना जरूरी है, जिसमें साल भर के खर्च का हिसाब दिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया था कि अध्यक्ष और सचिव बिना जानकारी के पैसे खर्च कर रहे हैं और बैठक बुलाने से बच रहे हैं। पदाधिकारियों ने सामूहिक इस्तीफे तक की चेतावनी दे दी थी।

कलेक्टर ने मंदिर के खजाने और दान की राशि को लेकर निर्देश दिए कि आय-व्यय में पारदर्शिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग आस्था के साथ मंदिर में दान करते हैं, इसलिए एक-एक पैसे का रिकॉर्ड होना चाहिए। बैठक में तय किया गया कि इन तमाम मुद्दों और आगे की प्लानिंग के लिए ट्रस्ट की अगली बैठक 3 या 4 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इस दौरान एसडीएम संस्कृति लिटोरिया, तहसीलदार सत्येंद्र गुर्जर, विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला, पूर्व विधायक राकेश गिरी सहित भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत और मंदिर ट्रस्ट के अन्य सदस्य और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दुखियारी के पति की मदद करने जय अंबे समिति के दो सदस्यों ने किया रक्तदान

**ललितपुर।** विश्वनाथ चंदेल ग्राम बरौदा बिजलौंन की पत्नी सारे दिन से ब्लड के लिए परेशान हो रही है कोई भी उसकी मदद के लिए आगे नही आ रहा है जब समिति ने मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक पहुंचकर जरूरतमंद मरीज विश्वनाथ चंदेल की पत्नी से मुलाकात हुई तो मरीज की पत्नी ने समिति को आंसू बहते हुए बताया कि मेरे पति को दो यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी एक यूनिट ब्लड मैं स्वयं एक दिन पहले दे चुकी हूं दूसरे यूनिट की और आवश्यकता थी मगर मेरे रिश्तेदारों सहित कोई भी मेरी मदद करने को आगे नही आ रहे है मैं सारे दिन से परेशान हो रही थी जय अंबे रक्तदान समिति ने तत्काल रक्तदाता निशांत दुबे को सूचना दी और निशांत दुबे ने तत्काल ब्लड बैंक पहुंच कर जरूरतमंद विश्वनाथ चंदेल को 16 वीं बार रक्तदान किया।





तत्पश्चात महिला ने रक्तदाता सहित जय अंबे रक्तदान समिति के सदस्यों को धन्यवाद एवं आशीर्वाद दिया। दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज में भर्ती गंभीर बीमारी से ग्रसित रामकली को सचिन नामदेव ने रक्तदान किया दोनों जरूरतमंदों के परिजनों ने समिति एवं रक्तदाताओं का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर समाजसेवी कन्हैया लाल रजक लाड कुंवर ग्राम बरौदा बिजलोंन निर्मल कुमार निशांत राज आदि रहे।



गणतंत्र दिवस समारोह को देखते हुए स्टेडियम के बाहर से हटाया अतिक्रमण

# प्यास लगने पर ही कुआं खोदने की कवायद क्यों करता है नपा प्रशासन?

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शनिवार को नगर पालिका ने शिवपुरी रोड स्थित वीर सावरकर स्टेडियम के बाहर लगी गुमठियों, हाथ ठेले इत्यादि को हटाकर जप्ती करने का काम किया। नगर पालिका मदाखलत अमले द्वारा यह कवायद 26 जनवरी को स्टेडियम पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को देखते हुए की गई है। हालांकि नगर पालिका प्रशासन की यह कवायद अतिक्रमण मुक्त शहर के निर्माण में सकारात्मक कदम है लेकिन प्रश्न यह उठता है कि हमेशा प्यास लगने पर ही कुआं खोदने वाली कहावत नगर पालिका क्यों चरितार्थ कर रही है। नगर पालिका के उदासीन रवैए के कारण शहर में अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था बद से बदतर हो चुकी है।

सोमवार को गणतंत्र दिवस का समारोह वीर सावरकर स्टेडियम पर समारोह पूर्वक मनाया जाएगा इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है फाइनल रिहल्सल होने के बाद स्टेडियम की सजावट शुरू कर दी गई है पर इस सजावट को मखमल में टाट का पैबंद दिखाई दे रहा स्टेडियम के बाहर अतिक्रमण को कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर शनिवार को नगर पालिका ने हटाने का काम किया। कलेक्टर की नाराजगी के बाद दलबल के साथ मौके पर पहुंचे सीएमओ आरआर यादव ने जेसीबी से वहां रखी गुमटियों और ठेलों को उठाकर जप्त कर लिया इस दौरान कई दुकानदार सामान छोड़ देने की गुहार लगाते रहे लेकिन सीएमओ ने कोई छूट नहीं दी अलबत्ता यह जरूर कहा कि उनका सामान इस शर्त पर वापस किया जाएगा कि वह यहां दोबारा से अतिक्रमण नहीं करने का वचन देंगे और चालान की रसीद काटकर सामान वापस ले सकते हैं। पर प्रश्न उठ रहा है कि जब कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह को देखते हुए सख्ती से निर्देश दिए तब जाकर जाकर नपा ने उक्त अतिक्रमण को हटाया वरना यह अतिक्रमण तो रोज अफसरों को दिखाई दे रहा है इससे पहले नपा ने यह कवायद क्यों नहीं की।



### बसों का संचालन भी बीच बाजार से

शहर के बीच से से होकर यात्री बसें न गुजरे इस उद्देश्य से एकीकृत बस स्टैंड से बड़ौदा के लिए पीछे वाले रास्ते से बाईपास बनाया गया है यह बाईपास कबीर आश्रम के सामने बड़ौदा रोड पर निकलता है। पर अधिकतर यात्री बसें इस रूट से जाने के बजाय में बाजार, पाली रोड से बड़ौदा रोड होते हुए निकलती है जिसके कारण बाजार में कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। कभी-कभी तो जाम आधा घंटा और उससे भी अधिक समय तक लगा रहता है बार-बार लगने वाले इस जाम से यातायात और पुलिस विभाग कितना अजिज आ चुका है इसकी बानगी यह है कि जो ट्राफिक पॉइंट पुराना बस स्टैंड के पास बनाया गया है अब तो वहां पुलिसकर्मी भी खड़े दिखाई नहीं देते जिस तरह जाम लगता है वैसे ही अपने आप खुल भी जाता है। यानी कि शहर कि यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है।

### बाजार में रोज लगता है जाम

नगर पालिका द्वारा बरती जा रही लापरवाही के कारण बाजार में दुकानदार सड़क तक सामान सजा कर अतिक्रमण कर बैठ जाते हैं सबसे अधिक परेशानी तो मेन मार्केट में आती है। चूड़ी मार्केट के सामने और डाकघर के पास ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब दिन में कम से कम 10 बार जाम नहीं लगता हो। चूड़ी मार्केट के सामने तो सड़क की चौड़ाई कम होने तथा बाल चैंबर बना होने के कारण जाम लगा समझ में आता है लेकिन पोस्ट ऑफिस के सामने तो दुकानों के आगे गाड़ियां आधी सड़क तक ऐसे खड़ी रहती है जैसे यह सड़क न होकर कोई पार्किंग स्थल हो मजे की बात तो यह है कि नगर पालिका तो अतिक्रमण हटाती ही नहीं है पुलिस और यातायात विभाग भी इस ओर से आंखे मूंदे बैठा है।

### इनका कहना है

स्टेडियम के बाहर जितनी गुमटियां रखी गई थी उन्हें हटाया गया है। सामान भी जब्त करने की कार्रवाई भी की है। यह अभियान निरंतर चलेगा बाजार में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

आरआर यादव
सीएमओ श्योपुर

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यशाला आयोजित

# अंधविश्वास जादू टोना कुछ नहीं सिर्फ विज्ञान का हिस्सा है: गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




अंधविश्वास न करें, जादू टोना कुछ नहीं सिर्फ विज्ञान का हिस्सा है। यह बात जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने शनिवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उमावि में आयोजित जागरूकता कार्यशाला में छात्राओं को समझाइश देते हुए कही।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उ.मा.विद्यालय श्योपुर में आयोजित हुए कार्यक्रम में डीईओ एमएल गर्ग ने छात्राओं को समझाइश देते हुए कहा कि विज्ञान के बूते आज इंसान चांद पर पहुंच गया है है और कुछ लोग अज्ञानता वश आज भी विज्ञान के कारनामों को चमत्कार समझकर लुट रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह कि ट्रिक जादू नही विज्ञान है। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रुप मे सीताराम आदिवासी प्राचार्य उत्कृष्ट श्योपुर, सुशील दुबे जिला विज्ञान अधिकारी श्योपुर रहे। इस दौरान सुरेन्द्र शर्मा द्वारा जादुई कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया जिसमें नींबू काटने पर रंगीन होना। पानी मे आग लगना, नारियल में विस्फोट होना जिससे छात्राओ में अंधविश्वास को विज्ञान के माध्यम से दूर किया गया। छात्राओ का स्वास्थ्य परीक्षण एवम रस्साकस्सी प्रतियोगिता आयोजित की प्राचार्य भरत सिंह जाट द्वारा आभार किया गया। हरीश कुमार शर्मा (वरिष्ठ भोतिक विज्ञान शिक्षक )विनय शर्मा, संजीव माहौर ,नरेंद्र गुप्ता, सुरेश मिश्रा, नवल कुमार, दिगराज सिंह, तृप्ति शर्मा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

कॉलेज प्रबंधन पर लगाए भेदभाव के आरोप

# एनएसयूआई ने रैली निकाल कर की नारेबाजी, कॉलेज के गेट पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



एनएसआई से जुड़े छात्रों ने शनिवार को जोरदार प्रदर्शन करते हुए कालेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और कॉलेज के गेट के बाहर धरना दिया। एनएसयूआई से जुडे छात्रों का आरोप है कि कालेज प्रबंधन छात्रों में भेदभाव की नीति अपनाकर काम कर रहा है वह भाजपा संगठन से जुड़े छात्र संगठनों को शासकीय कर्मचारी सेवकों की तरह सम्मान प्रदान कर रहा है जबकि छात्रों के हित में संघर्ष करने वाले एनएसयूआई से जुड़े छात्रों को जनहित के मुद्दों पर चर्चा तक नहीं करने दे रहा है।

शनिवार को शहर के पाली रोड स्थित कॉलेज गेट के सामने एकत्रित हुए एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए पीएम एक्सीलेंस ऑफ कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारे बाजी कर भेदभाव के आरोप लगाए। छात्र नेताओं ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन एनएसएसयूआई कार्यकर्ताओं के साथ हमेशा भेदभाव अपनाता रहा है। हम जनहित कि बात करते हैं तो भी न सिर्फ नजरअंदाज किया जाता है बल्कि हमारी बातों का खंडन भी राजनीतिक दल के प्रवक्ता कि तरह करता है। विगत दिनों कॉलेज में दूषित पानी के खिलाफ हमने आंदोलन किया था तो कॉलेज प्रबंधन ने दूषित पानी की समस्या को दूर करने के बजाय उल्टे सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करते हुए हमें झूठा बताया था जबकि टंकी में अभी भी कीड़े पड़े हुए हैं और काई जमी हुई है जिससे छात्र पानी पीकर बीमार होने का अंदेशा व्याप्त है। कॉलेज के भीतर सत्ता धारी संगठन को अतिथि का दर्जा दिया जा रहा है और हमें बात तक करने की इजाजत नहीं है। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष दौलतराम गुप्ता, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जसवंत बछेरी,एनएसयूआई पदाधिकारी पीयूष शिवहरे, अभिषेक मीणा, सुरेंद्र मीणा, अभिषेक राठौर, नदीम खान, सोहिल मिर्जा, ज्वालापुर आदि एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अपने को बेहतर माने, आत्मबल रखें, आगे बढ़े: सौम्या

### विजेता बनी बालिकाओं के साथ ही मैरिट सूची में आने वाली बेटियों को दिया गया पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



अपने को बेहतर माने, आत्मबल और आत्मविश्वास के साथ सतत रूप से आगे बढें, बेटियां अपने आप को कम न आके, यही विश्वास सफलता की सीढी पर आगे बढने का मंत्र है। वर्तमान परिदृश्य में बेटियां किसी से कम नही है, हर क्षेत्र में बेटियों ने कीर्तिमान रचें है। दृढनिश्चय और लक्ष्य से हम सफलता प्राप्त कर सकते है।

यह बात जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने शनिवार को शासकीय कन्या परिसर ढेगदा में आयोजित पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में बालिकाओ का उत्साह बढाते हुए कही। महिला बाल विकास विभाग के तत्वाधान में बेटी बचाओं-बेटी पढाओ योजना अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरोज तोमर, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष अर्चना भूषण, सदस्य गणेश पाराशर एवं गौरव आचार्य, सहायक संचालक रिशु सुमन, प्राचार्य कामिनी पाठक आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजनांतर्गत बालिकाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेता बालिकाओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गयें। इसके साथ ही कक्षा 10वी एवं 12वी की बोर्ड परीक्षाओं में जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली मैधावी बालिकाओं को भी पुरस्कार राशि के साथ प्रमाण पत्र एवं शील्ड भेंट की। इसके साथ ही राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में गत दिवस आयोजित प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड के सीनियर वर्ग में कामाक्षी पाडें को प्रथम, मुस्कान गुर्जर को द्वितीय एवं बबली आदिवासी को तृतीय स्थान के लिए शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार 100 मीटर जूनियर वर्ग में ललिता पटेलिया को प्रथम, लक्ष्मी को द्वितीय एवं सुनीता को तृतीय स्थान के लिए, 200 मीटर दौड स्पर्धा के सीनियर वर्ग में मुस्कान को प्रथम, बबली आदिवासी को द्वितीय एवं प्रियंका भिलाला को तृतीय स्थान के लिए तथा जूनियर वर्ग में ललिता पटेलिया को प्रथम, लक्ष्मी को द्वितीय एवं जोया को तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। इसी प्रकार लम्बीकूद प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में सेना भिलाला को प्रथम स्थान हासिल करने पर, द्वितीय स्थान के लिए निलेश आदिवासी एवं तृतीय स्थान के लिए अनीता पटेलिया को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। जूनियर वर्ग में विजेता रही लक्ष्मी पटेलिया सहित द्वितीय स्थान के लिए नेवा आदिवासी एवं तृतीय स्थान के लिए सुनकी पटेलिया एवं चेयर रेस में अंशिका पारिक को प्रथम, अंजू गुर्जर को द्वितीय एवं प्रीता जाट को तृतीय स्थान के लिए सम्मानित किया गया। तीन पैर की दौड प्रतियोगिता में पूजा वर्मा एवं नर्मदा पटेलिया की जोडी को प्रथम, रिजा खान एवं प्राची राठौर की जोडी को द्वितीय स्थान, तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से प्रीता जाट तथा अंजू गुर्जर एवं इनाया और आस्मा की जोडी को सम्मानित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सुलोनचा आदिवासी की कप्तानी में खेली टीम तथा सीनियर वर्ग में सेना भिलाला की कप्तानी में खेली टीम विजेता को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# स्कूली बच्चों को पुस्तक के साथ बांटे विशेष संदेश वाले पोस्टकार्ड



### बच्चों में डाक विभाग की सेवाओं के प्रति रुचि बढ़ाने कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



डाक विभाग के द्वारा स्कूली बच्चों की रूचि डाक विभाग की सेवाओं के प्रति बढाने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम बसंत पंचमी पर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय श्योपुर में आयोजित किया। इस कार्यक्रम के दौरान डाक विभाग के अधिकारियों ने स्कूल में पहुंचकर स्कूली छात्र छात्राओं को फिलेटली एवं नैतिक कहानियों की पुस्तके वितरित की, पुस्तको के साथही विशेष संदेश लिखे हुए पोस्टकार्ड भी स्कूली बच्चों को दिए गए।ताकि बच्चो में डाक विभाग की सेवाओं के प्रति रूचि विकसित हो सके।उप संभागीय निरीक्षक डाक घर श्योपुर राज कुमार सिंह तोमर ने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन के पीछे विभाग का उद्देश्य बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करना, नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देना तथा ज्ञान पोस्ट सेवाओं का प्रचार-प्रसार करना है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों से संवाद कर उन्हें सीखने एवं संग्रह की गतिविधियों के लिए प्रेरित किया गया।

# जिले में हो रही ताबड़तोड़ चोरियों के खिलाफ लोगों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शनिवार को जिला मुख्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के नाम श्योपुर शहर तथा ग्राम जवासा समेत जिलेभर में हो रही ताबडतोड चोरियों की वारदातों को रोकने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि यह चोरियां पुलिस कि निष्क्रियता के कारण हो रही हैं।

एसपी कार्यालय का घेराव किए जाने के बाद एएसपी प्रवीण भूरिया को एसपी के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि चोर घर और घर के बाहर रखे सामानों नल में लगी टोटियों तक को नहीं छोड़ रहे हैं। खेतों में बोरवेल के तार काटकर न सिर्फ आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं बल्कि सिंचाई जैसे संसाधनों को भी प्रभावित कर रहे हैं इस संबंध में कई बार पुलिस को सूचना दी जा चुकी है पर पुलिस प्रशासन चोरों को रोकने उन्हें पकड़ने में अपना काम साबित हुआ है। एसपी को दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर चोरी की वारदातों को नहीं रोका गया तो ग्रामीण बहुत बड़ा जन आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। ज्ञापन में चोरी गए सामान को लौटाने की मांग की है। ज्ञापन सौपने के दौरान बडी संख्या में क्षेत्रीय लोग और समाजसेवी नागरिक पदाधिकारी मौजूद थे।

वीर सावरकर स्टेडियम में आयोजित होगा जिला स्तरीय मुख्य समारोह

# श्योपुर में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज, फाइनल रिहर्सल हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह वीर सावरकर स्टेडियम में आयोजित होगा। इस मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर अर्पित वर्मा प्रातः 09 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। शनिवार को पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद एवं अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की उपस्थिति में मुख्य समारोह के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की फायनल रिहर्सल की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के आगमन से लेकर राष्ट्रीय ध्वज फहराने, परेड की सलामी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि की रिहर्सल की गई तथा मुख्य समारोह की तैयारियों एवं विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि मुख्य समारोह में प्रातः 09 बजे मुख्य अतिथि कलेक्टर अर्पित वर्मा राष्ट्रीय ध्वज फहरायेगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सलामी एवं राष्ट्रधुन होगी तथा मध्यप्रदेश गान होगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन होगा। तत्पश्चात गणतंत्र दिवस परेड एवं मार्च पास्ट का आयोजन होगा। समारोह में विभिन्न विभागों की चलित झांकियों का प्रदर्शन भी होगा। इस अवसर पर एएसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य, एसडीओपी राजीव गुप्ता, तहसीलदार मनीषा मिश्रा, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।



### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कॉलेज में होगा कार्यक्रम

16वा राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के उपलक्ष्य में कलेक्टर अर्पित वर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में पीजी कॉलेज श्योपुर में प्रातः 10.30 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप सौम्या आनंद ने बताया कि मेरा भारत मेरा वोट थीम पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर में प्रातः 10.30 बजे से किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी मतदान केन्द्रों पर भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा तथा मतदान केन्द्रों पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। इस दौरान मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी के लिए प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी,



### सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने शनिवार को वीर सावरकर स्टेडियम पर मुख्य समारोह के दौरान की जाने वाली तैयारियों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वंतत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों, भूतपूर्व सेनिकों सहित गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों के लिए उचित एवं पर्याप्त बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की जायें।

# भागवत कथा: प्रभु से बढ़कर कोई और सुख और संपदा नहीं: हरिओम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर





शहर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित श्री रामजानकी मंदिर पर आयोजित संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को कथा व्यास पं हरिओम शरण शास्त्री ने शुकदेव परिक्षित संवाद, हरिनाम का महत्व, सृष्टि वर्णन,शतरुपा प्रसंग आदि प्रसंगों का वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है। श्रीमद भगवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं क्योंकि जिन्हें गोविन्द प्रदान करते है जितना प्रदान करते है उसे उतना ही मिलता है। कथा में यह भी बताया की अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए, कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है, लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य कृष्ण को पाकर ही जीवन छोड़ना है और अगर हम ये दृढ़ निश्चय कर लेंगे कि हमें जीवन में कृष्ण को पाना ही है तो हमारे लिए इससे प्रभु से बढ़कर कोई और सुख, संपत्ति या सम्पदा नहीं है। कथा के दौरान शिव पार्वती की सुंदर झांकी भी सजाई गई। कथा के दौरान बीच बीच में गाए भजनों पर श्रद्धालु खूब झूमे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 15 वर्षीय किशोरी ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

**अशोकनगर।** जिला अस्पताल अशोकनगर में जहरीला पदार्थ खाने के बाद एक 15 वर्षीय किशोरी को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। किशोरी ने किन कारणों से जहर खाया यह पता नहीं चला है। लेकिन उसके परिवार जनो का कहना है कि खेत में डालने वाली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया है। हेमवती पुत्री लालू कुशवाह निवासी छितिया आमखेडा की हालत इस तरह बनी हुई है। पिता ने बताया कि पुत्री को खांसी की शिकायत थी उसे हम अस्पताल से दवाई ले गए थे उसी के बगल में कीटनाशक दवा रखी थी उसने भूल से यह कीटनाशक दवा खा ली।

### अज्ञात आरोपी 25 केव्ही की डीपी कर ले गए चोरी

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम महुआखेडा विधुत केन्द्र तूमैन केन्द्र पर तैनात कर्मचारी रामवीर यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम गढ़ला में पुलिया के समीप नीम के पेड के पास रखी 25 केव्ही की डीपी कोई अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### 26 जनवरी को शुष्क दिवस की घोषणा

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी साकेत मालवीय द्वारा 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस पर एक दिवस का शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जारी आदेश के तहत अशोकनगर जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं स्टोरेज मद्य भाण्डागार तथा मदिरा का क्रय-विक्रय एवं परिवहन निषिद्ध किया गया है।

### बैंक खाते से 2 लाख 80 हजार रुपए निकाले

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत मल्हारगढ रोड निवासी नारायण पुत्र प्रभुदयाल अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात आरोपी द्वारा व्हाटस्एप पर लिंक भेजकर 2 लाख 80 हजार रूपए उसके खाते से निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डोंगरा पछार निवासी यशपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शेरा, कृष्णभान, शिवराज और संजू अहिरवार ने चल रहे भंडारे में उत्पाद मचाया मना करने पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बानोरा निवासी मुलियाबाई केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कृष्णभान यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बामौरी शाला थाना दीपनाखेडा जिला विदिशा निवासी जहानवी सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी करीला माता मंदिर के पास मुस्कान कलावत, राजकुमारी कलावत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### चयनित खिलाड़ियों को किया रवाना

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के मार्गदर्शन में संभाग स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स में भाग लेने के लिए अशोकनगर जिले के चयनित खिलाड़ियों को संभाग स्तरीय खेलों एमपी यूथ गेम्स 2025 में भाग लेने के लिए शिवपुरी एवं ग्वालियर भेजा गया है। संभाग शिवपुरी में टेबल टेनिस एवं क्रिकेट खेलों के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को एवं संभाग ग्वालियर में कबड्डी बास्केटबॉल बैडमिंटन एवं योगासन के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को भेजा गया है। संभाग स्तरीय आयोजन 22 से शुरू होकर 25 जनवरी 2026 तक चलेंगे। जिला खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी ने बताया गया कि ब्लॉक स्तरीय एवं जिला स्तरीय चयन स्पर्धाओं के पश्चात अब तृतीय चरण में खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 का आयोजन संभाग स्तर पर कराया जा रहा है। संभाग स्तर पर चयनितों को राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

## जीवीएम इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर मनाया बसंत पंचमी उत्सव

**बीना।** बसंत पंचमी के अवसर पर जीवीएम इंग्लिश मीडियम स्कूल में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी तथा मां सरस्वती का विधिवत पूजन किया गया। प्री-प्राइमरी शाखा के बच्चों द्वारा मां सरस्वती से संबंधित प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने सभी दर्शकों का मन मोह लिया एवं ज्ञान की देवी वाग्देवी की महिमा का सुंदर संदेश दिया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भाजपा राजेंद्र उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन ब्रांड एंबेसडर हरिदयाल गोस्वामी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनभागीदारी अध्यक्ष सोनाली राय, सभापति नपा भारती राय तथा नगर मंत्री भाजपा कल्पना चौरसिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। पधारे हुए अतिथिगणों ने विद्यार्थियों को सनातन संस्कृति एवं जीवन मूल्यों के साथ-साथ विज्ञान एवं तकनीक के समन्वय द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के महत्व पर प्रकाश डाला। शाला प्राचार्य प्रदीप तिवारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



# समन्वय मंडपम ने हेलमेट वितरित कर सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना





सामाजिक स्वैच्छिक संगठन समन्वय मंडपम के द्वारा झांसी ओवर ब्रिज पर सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति से संबंधित एक नाटक की प्रस्तुति की गई। इस नाटक के माध्यम से संस्था के स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देशों का पालन करने का संदेश दिया। साथ ही नशा से दूर रहने का संदेश भी नाटक के माध्यम से दिया गया। नाटक मंचन के उपरांत संस्था समन्वय मंडपम के द्वारा हेलमेट वितरित किए गए।

इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे, अनुविभागीय अधिकारी विजय डेहरिया, नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, जनपद अध्यक्ष उषा राय, थाना प्रभारी अनूप यादव, एसडीओपी सनकत, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, पार्षद बीडी रजक सम्मिलित हुए। विधायक निर्मला सप्रे ने अपने उद्बोधन में सभी को सावधानी से सड़क पर चलने के लिए निवेदन किया। साथ ही आगामी बोर्ड परीक्षाओं में छात्र छात्राओं से विशेष सावधानी बरतने का आग्रह किया।

कार्यक्रम का संचालन संस्था समन्वय मंडपम सचिव सत्यजीत ठाकुर ने किया। सत्यजीत ठाकुर ने मंच से एक नई पहल शुरू करने का सभी से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि अथवा अधिकारी गण को पुष्प माला, बुके के साथ-साथ कभी कभी संभव हो सके तो हेलमेट अथवा ऐसी कोई सामग्री जो यातायात से सुरक्षा प्रदान करने योग्य हो वह भेंट की जाए। और जब जनप्रतिनिधि पर मिलने वाली सामग्री अत्यधिक मात्रा में हो जाए तो वह ऐसे कार्यक्रमों के दौरान उनका वितरण करें। ताकि वह वस्तुएं आम जनता के उपयोग में आ सके और उनके जीवन को सुरक्षित कर सकें। कार्यक्रम के दौरान हुए नाटक में यमराज द्वारा सभी से हेलमेट पहनने एवं सड़क पर सुरक्षित चलने का आग्रह किया गया और जनता को यह संदेश दिया कि यदि आप सड़क नियमों का पालन करेंगे और अपनी सुरक्षा से चलेंगे तो यमराज भी उनके जीवन का रक्षण करेंगे। शराब पीकर तेज रफ्तार में चलेंगे तब आपकी हानि निश्चित है। कार्यक्रम के दौरान संस्था अध्यक्ष एमएल प्रजापति, समन्वयक धर्मेंद्र ठाकुर के साथ स्वयंसेवक भी कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे।

# भारत की बेटियां हमेशा दो कुलों की आधारशिला रखती हैं: डॉ लवानिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना।



गर्ल्स कॉलेज में 16 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं मतदाता शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने समस्त छात्राओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दीं एवं शपथ दिलवाते हुए कहा कि हम सभी भारत के नागरिक अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखेंगे तथा निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा या अन्य प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे ।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कहा कि आप सभी को अपने मत का प्रयोग करना है एवं मतदान के लिए जीवन भर प्रचार प्रसार का कार्य भी करना है। उन्होंने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आप बेटियां हमेशा दो कुलों की आधारशिला रखती हैं। इसलिए आपको सदैव ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, सत्य, अनुशासन, धैर्य, सहनशीलता, गंभीरता, सामंजस्य जैसे आदि गुणों का समावेश अपने व्यक्तित्व में करना है एवं अपनी सफल भूमिका निभाना है। डॉ रश्मि जैन ने कहा कि बेटियों को सक्षम, सशक्त एवं समृद्ध होना चाहिए और इसके लिए बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं अन्य अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। इसलिए आप सदैव अपने अधिकारों को जानें- समझें एवं आवश्यकता पड़ने पर उपयोग करें। इसमें प्रकाश चंद, मृणालिनी मिश्रा, सत्यम कुर्मी, डॉक्टर आशीष गुप्ता, डॉक्टर दिनेश राय, यशवंत शर्मा, नवीन नामदेव, आरती ठाकुर, मनीता राजपूत, कीर्ति ठाकुर, मनीष, रंजना, पूजा, विकास सहित कॉलेज परिवार उपस्थित रहा।

### हत्यारोपी के घर पर बुलडोजर नहीं चला

# सीएमओ को आवेदन के साथ ही की चूड़ियां भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

नगर परिषद सीएमओ को कल्लू अहिरवार के हत्यारों के घर पर बुलडोजर कार्यवाही न होने पर परिवार जन ओर समाज जनों के साथ नगर परिषद पहुंचे, हत्यारों के घर पर बुलडोजर कार्यवाही न होने पर काफी आक्रोश देखा गया। नगर परिषद सीएमओ अशोक वर्मा को चूड़ियों ओर साड़ी के साथ महिला का सभी सामान भेंट किया।

इस दौरान उपस्थित जनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि एसडीएम इसरार खान और थाना प्रभारी ओ.पी. मिश्रा के समक्ष एक बैठक की थी जिसमें 23 जनवरी का समय निर्धारित किया गया था पर जब समय सीमा समाप्त होता देख परिवार जनों का आक्रोश गुस्सा नगर परिषद सीएमओ पर फुट गया।

**क्या है घटनाक्रम:**

कस्वे में 2 जनवरी को कल्लू अहिरवार पुत्र नत्थू अहिरवार की निर्मम हत्या कर दी जाती हे।उसको भरे बजार में घसीट कर ले जाते हुए ले गए।जिस पर परिवारजन ओर समाज जनों ने छे घंटे मृतक शरीर रख कर चक्काजाम कर दिया। जिसपर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन नाम दर्ज ओर कुछ अज्ञात लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया। परिवार जनों ने उसी समय हत्या के आरोपियों के घर पर बुलडोजर की कार्यवाही की मांग की थी। तब मुंगावली एसडीएम इसरार खान ने चार दिन का समय मांगा था ।

### सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण किया आयोजित

**अशोकनगर।** आर सीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल के सौजन्य से एवं कलेक्टर के निर्देशन में जिले के ई-दक्ष केंद्र मे "सूचना का अधिकार अधिनियम 2005" विषय पर जिला स्तरीय अधिकारी/ कर्मचारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। अकादमी द्वारा बनाए गए जिला रिसोर्स पर्सन के रूप मे मास्टर ट्रेनर निरपाल सिंह पवार वरिष्ठ प्रशिक्षक ई-दक्ष द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का परिचय, शासन के विभिन्न राजपत्र,आरटीआई पोर्टल,साइबर सिक्योरिटी एवं विभिन्न न्यायालयीन निर्णय का हवाला देते हुई विभिन्न प्रश्नों का समाधान कर विस्तृत प्रशिक्षण सम्बंधित अधिकारीयों/कर्मचारियों को दिया गया।

# छात्र व छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों के प्रति किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को महिला संबंधी अपराधों के प्रति जन-जागरूकता एवं महिला संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने हेतु महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। उसी क्रम में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र कंवर, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, महिला सुरक्षा प्रभारी निरी. मनीष सिंह चैहान, थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रवि प्रताप सिंह चैहान, थाना प्रभारी यातायात निरी0 स्नेहा सिंह ठाकुर एवं देहात थाना प्रभारी उनि. भुवनेश शर्मा की उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्रावास के लगभग 120 छात्र-छात्राओं को महिला संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही एकीकृत अभियान (अभिमन्यु, सृजन, सम्मान) की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध घटित अपराधों की रोकथाम, समाज में जागरूकता फैलाने एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित ऑपरेशन एहसास,ऑपरेशन स्वयंसिद्धा एवं असली हीरो अभियान की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान यातायात थाना प्रभारी स्नेहा सिंह ठाकुर द्वारा बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से यातायात नियमों तथा राहवीर योजना की जानकारी दी गई।



### सांसद प्रतिनिधि की पहल पर भूमि विवाद का निराकरण किया गया

**अशोकनगर।** सांसद प्रतिनिधि संजीव जैन भारिल्ल की पहल पर कृषक जीवन सिंह रघुवंशी ने सड़क निर्माण के लिए भूमि प्रदान की है।

पूरा मामला यह हैं कि पोरूखेड़ी से पिपरी आदिवासी बस्ती तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत बनाए जाने वाली सड़क में आ रहे भूमि विवाद के संबंध में मंगलवार को सिंधिया जनसंपर्क करने पर पंचायत के सरपंच महावीर सिंह एवं देवेंद्र सिंह रघुवंशी सांसद प्रतिनिधि संजीव जैन भारिल्ल से मिले थे क्योंकि मामला आदिवासी बस्ती तक सड़क पहुंचने का था । इस पर सांसद प्रतिनिधि ने प्रधानमंत्री सड़क के इंजीनियर आलोक रघुवंशी एवं ठेकेदार अभिषेक रघुवंशी को साथ ले जाकर मौके पर खेत के मालिक जीवन सिंह रघुवंशी से निवेदन किया तो इस नेक कार्य के लिए जीवन सिंह रघुवंशी ने अपनी भूमि में से सड़क निकालने की सहमति दे दी। इस पर जीवन सिंह रघुवंशी के इस नेक कार्य की प्रशंसा सभी लोगों ने की।

# मिशन नीव में विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र वितरण किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




मिशन नीव कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रमाण पत्र वितरण समारोह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नईसराय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंदेरी विधायक श्री जगन्नाथ सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती चंद्रसेना भिड़े द्वारा की गई।

कार्यक्रम मे विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के जीवन की शुरुआती अवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यदि कम उम्र में बच्चों को अच्छे संस्कार, सही दिशा और समुचित पोषण एवं शिक्षा प्रदान की जाए तो उनका सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को समाज की नींव मजबूत करने वाला स्तंभ बताते हुए उनके कार्यों की सराहना की। जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रसेना भिड़े ने कहा कि मिशन नीव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 03 से 06 वर्ष के बच्चों के संज्ञानात्मक, शारीरिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास को सुदृढ़ करना है।

इस लक्ष्य की प्राप्ति में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से मिशन नीव की गतिविधियों को गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ क्रियान्वित करने का आग्रह किया। परियोजना अधिकारी रजनी बालू ने बताया कि मिशन नीव के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, नवाचारों एवं प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रमाण पत्र वितरण से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा और वे और अधिक उत्साह से कार्य करेंगी। साथ ही कार्यक्रम के दौरान मिशन नीव के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### महाविद्यालय में बसंत पंचमी पर हुए कई कार्यक्रम आयोजित, प्रतिभाओं ने दिखाए अपने हुनर

# मां सरस्वती को किया माल्यार्पण, सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






महाविद्यालय में बसंत पंचमी के पर्व के साथ मां सरस्वती की जयंती और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन किया गया और उनके स्मारक को पुष्प माला अर्पित की गईं।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश, विशिष्ट अतिथि के रूप में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पी.के. सुराना एवं की नोट - स्पीकर के रूप में रचना गुप्ता समाजसेवी नवप्रयास सामाजिक विकास समिति जिला अशोकनगर रही कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथिगण द्वारा मां सरस्वती एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने अपने उद्बोधन में बसंत पंचमी के सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन एवं उनके आदर्शों, त्याग एवं देशभक्ति से विद्यार्थियों को प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित स्पीकर रचना गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां सरस्वती ने वीणा एवं किताब को धारण किया है इससे आशय है की हमेशा सीखते रहना एवं अपने जीवन के सभी स्वरों का तालमेल बनाकर अपने जीवन को अच्छा बना बनाए। कार्यक्रम के दौरान बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा लक्ष्मी कुशवाहा एवं एम.ए.तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रचना अहिरवार द्वारा लोकगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय सिंह प्रभारी भारती ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ ने किया। शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में गरिमामय ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम में आजाद हिंद फौज के योगदान को विस्तार से समझाया गया तथा भारत के स्वतंत्रता संग्राम पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया, जिससे विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति और त्याग की भावना जागृत हुई। कार्यक्रम में नेताजी के साहस, नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अमित भार्गव ने की। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जवाहर टैगोर द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्रंथपाल जयदीप कुमार रैकवार, डॉ. जे.पी. सिंह, डॉ. दीपा वर्मा, डॉ. संजीव दोहरे सहित महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

### शासकीय महाविद्यालय पिपरई में मनाया गया पराक्रम दिवस

नगर के शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत बसंत पंचमी एवं पराक्रम दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय में व्याख्यान एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विमल पटेल रहे। उन्होंने प्रेरणादायक व्याख्यान किया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राजमणि ने की। प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन एवं आजाद हिंद फौज का स्वतंत्रता संग्राम में आंदोलन की जानकारी दी। डॉ संतोष कुमार चैहान ने अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत कुमार समाधिया द्वारा किया गया।